राष्ट्र हित　　उद्योग हित　　श्रमिक हित

परिश्रमेण हि सिध्यंते कार्याणि न मनोरथै:

ARYAVART BANK WORKERS ORGANISATION
&
ARYAVART BANK OFFICERS ORGANISATION

(Affiliated to: AIGBWO, AIGBOO, BMS)

केन्द्रीय कार्यालय
59, सी स्कीम, पटेल नगर
सरदार पटेल मार्ग, जयपुर (राजस्थान)

कार्यालय
291, बेगम बाग़,
सीतापुर (उ०प्र०)

प्रांतीय, कार्यालय
माल रोड़ 2, नवीन मार्केट,
कानपुर (उ०प्र०)

Web: https://abwoo.org
off.Email:bms@abwoo.org

दिनांक: 19-05-2021

General Circular 04/2021

प्रिय सम्मानित साथियों बंधुओं एवं बहनों....
वंदे मातरम.....

दिनांक 18.05.2021 को सम्पन्न Core Committee meeting में समस्त सदस्यों को रु० 300/- खाते में संगठन की ओर से N-95 मास्क हेतु सफलता पूर्वक अंतरित करने के संबंध में

साथियों आशा है कि आपको संगठन द्वारा प्रेषित General Circular संख्या 03/2021 दिनांक 18-05-2021 प्राप्त हो गया होगा| जैसा कि माननीय Core Committee द्वारा निर्णय लिया गया है बिन्दु संख्या 3 के अनुसार:-

"Covid 19 महामारी के गंभीर फैलाव को देखते हुए संगठन द्वारा कोष को सदस्यों के लिए खोलने का निर्णय लिया गया| इस विकट संकट के समय संगठन अपने समस्त सदस्यों के खातों में एकमुश्त रुपए 300/- राशि N-95 मास्क हेतु Credit करने का निर्णय लिया गया| यह राशि सदस्यों के लिए इस बात का प्रतीक भी होगी कि उनका संगठन ऐसे विकट समय में चंदा/leavy वसूली में नहीं वरन उनके लिए उनके साथ खड़ा है| इस विकट संकट की घड़ी में यह राशि संगठन के समस्त सदस्यों को यह विश्वास और एहसास स्वरूप होगी कि संगठन आपसे दूर नही है व सदैव आपके हितों के लिए आपके नजदीक है|"

तदनुक्रम में आप सभी सम्मानित साथियों एवं हमारे Core committee (Board) Members को सहर्ष सूचित करना है कि आज दिनांक 19-05-2021 को उक्त निर्णय को सफलतापूर्वक कार्यान्वित कर दिया गया है जिसके माध्यम से संगठन के 517 सदस्यों (अधिकारी एवं कर्मचारी) के खातों में सीधे एक मुश्त रु० 300/- N-95 मास्क हेतु सफलतापूर्वक प्रेषित कर दिया गया है| कुछ सदस्यों के खाते बंद पाये गए जिस कारण राशि हस्तांतरित नहीं हो सकी| शेष कुछ सदस्य अभी नए जॉइन किए जिनके खाता संख्या अभी संगठन के पास उपलब्ध नहीं है| ऐसे समस्त साथी कृपया अपना खाता संख्या संगठन को ईमेल bms@abwoo.org पर अथवा संगठन के पदाधिकारियों को उपलब्ध करवा दें एवं वे साथी भी जो संगठन के सदस्य हैं व किसी कारण से उनकी membership कहीं और जा रही हो वे अपनी salary sheet अवश्य चेक करें व सही करवाकर संगठन को अवश्य सूचित करें| सूचना प्राप्त होने पर पुनः यह प्रक्रिया दोहराकर छूटे हुए सदस्यों को भी उक्त राशि अंतरित कर दी जाएगी|

"संगठन विकट परिस्थितियों में भी अपने समस्त सदस्यों के साथ है|"
"संगठन का हर कदम आपके हित में आपके साथ"

आप सभी के उत्तम स्वस्थ्य की कामना सहित आपके:

[Pravin Kumar Singh]
General Secretary
Workers Organisation

Lalit Singh]
General Secretary
Officers Organisation

प्रतिलिपि: संगठन के Record Section को Record हेतु प्रेषित|

Dream India: Clean India, Green India
(भारत माता की जय)